प्रिलिम्स फैक्ट: 24 दिसंबर, 2020

drishtiias.com/hindi/printpdf/prelims-fact-24-december-2020

शाहीन-IX

शाहीन-IX

(Shaheen-IX)

हाल ही में चीन ने भारत से चीन और पाकिस्तानी वायु सेनाओं के मध्य चल रहे संयुक्त वायु सेना अभ्यास को 'निष्पक्ष' और 'वस्तुनिष्ठ' ढंग से देखने को कहा है।

प्रमुख बिंदु

- 'शाहीन-IX' या 'ईगल-IX' पाकिस्तान की वायु सेना और पीपुल्स लिबरेशन एयर फोर्स के बीच आयोजित एक संयुक्त वायु सैन्य अभ्यास है।
- 'शाहीन-IX' चीन और पाकिस्तान की वायु सेनाओं के बीच आयोजित होने वाले संयुक्त वायु सेना अभ्यासों की श्रृंखला में नौवाँ अभ्यास है, जो कि दोनों देशों के बीच प्रत्येक वर्ष बारी-बारी से आयोजित किया जाता है।
- इस श्रृंखला का **पहला अभ्यास वर्ष 2011 में** आयोजित किया गया था।
- **भारत-चीन अभ्यास**
  - **हैंड-इन-हैंड:** भारत और चीन की सेनाओं के मध्य संयुक्त सैन्य युद्धाभ्यास 'हैंड-इन-हैंड' का आयोजन किया जाता है।